an>

Title: Need to construct a new railway line from Bilaspur in Chhattisgarh to Jabalpur in Madhya Pradesh via Mungeli, Kawardha and Mandla.

श्री लखन लाल साहू **(बिलासपुर):** छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर रेलवे स्टेशन से वाया मुंगेली, कवर्धा, मंडला, जबलपुर तक ब्रिटिश कालीन सरकार द्वारा रेल लाइन सर्वेक्षित है जिसके लिए कृषि एवं वन विभाग की भूमि अधिगृहित की गई है । इस रेल लाइन के निर्माण से कवर्धा में खनिज संकट के पर्याप्त भंडार का सही दोहन हो पाएगा एवं रास्ता सुलभ परिवहन होने से राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साथ ही कवर्धा में स्थित भौरमदेव शक्कर कारखाना तथा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित पंडरिया में निर्मित होने वाले शक्कर कारखाना का उत्पाद देश के अनेक भागों में आसानी से परिचालित होने से राज्य के किसानों को गन्ने का मूल्य समुचित रूप से प्राप्त होगा जिससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम होंगे तथा रोजगार के सृजन होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा । नए औद्योगिक क्षेत्र में विकास बढ़ेगा । संबंधित क्षेत्र में यातायात के अभाव में उद्योगपति यहां पर उद्योग लगाने में पीछे रहते हैं । वर्तमान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा अतिशीघ्र स्वीकृत कर रेल लाइन का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता है । इससे न सिर्फ सभी जिलों का समग्र विकास होगा अपितु साथ ही सरकार को राजस्व की उचित मात्रा में प्राप्ति होगी जिससे छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई दिशा मिलेगी ।